भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 3139**
दिनांक 13.12.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

## प्रधानमंत्री का यूक्रेन दौरा

3139. **श्री टी. आर. बालूः**

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या अगस्त 2024 में भारत के प्रधानमंत्री की पहली यूक्रेन यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री ने यूक्रेन के नेता श्री जेलेंस्की को रूस के साथ चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए प्रेरित किया था;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर यूक्रेनी सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और

(ग) क्या भारत सरकार मानती है कि प्रधानमंत्री के मध्यस्थता–प्रयासों से निकट भविष्य में रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध रुकने की संभावना है और यदि हां, तो इसका ब्यौरा और तर्काधार क्या है?

**उत्तर**
**विदेश राज्य मंत्री**
**(श्री कीर्ति वर्धन सिंह)**

(क) से (ग) अगस्त 2024 में भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की यूक्रेन यात्रा के दौरान संघर्ष के विभिन्न पहलुओं पर खुली एवं रचनात्मक चर्चा हुई। प्रधानमंत्री ने वार्ता और कूटनीति के माध्यम से संघर्ष के शांतिपूर्ण और स्थायी समाधान की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। उन्होंने शांति लाने के लिए हर संभव तरीके से योगदान देने में भारत की इच्छा भी व्यक्त की। यूक्रेन पक्षकार ने जून 2024 में स्विट्जरलैंड में आयोजित यूक्रेन में शांति पर शिखर सम्मेलन में भारत की भागीदारी का स्वागत किया। दोनों पक्षकारों ने संघर्ष के समाधान से संबंधित संभावनाओं पर विचारों के आदान–प्रदान हेतु संपर्क बनाए रखने पर सहमति व्यक्त की।

संघर्ष में शामिल दोनों पक्षकारों तथा अन्य प्रमुख हितधारकों के साथ भारत के घनिष्ठ एवं मैत्रीपूर्ण संबंध विचारों के सार्थक आदान–प्रदान को संभव बनाते हैं तथा शांति की शीघ्र बहाली के लिए सभी संभावित रास्ते तलाशने के प्रयासों को सुदृढ़ बनाते हैं।

*****